प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

27 दिसंबर 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने "भारत में बैंकों से संबंधित सांख्यिकीय तालिकाएँ: 2022-23" जारी किया

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज 'भारत में बैंकों से संबंधित सांख्यिकीय तालकिाएँ: 2022-23' शीर्षक से अपना वेब प्रकाशन जारी किया, जिसमें भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की गतिविधियों को शामिल किया गया है।

प्रकाशन में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) के संबंध में उनकी परिपक्वता प्रोफ़ाइल सहित देयताओं और आस्तियों के प्रमुख मदों पर इकाई-वार जानकारी; आय और व्यय; चुनिंदा वित्तीय अनुपातों, कर्मचारियों की संख्या और प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों का विवरण प्रदान किया गया है। इसके अलावा, जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर), अनर्जक आस्तियां (एनपीए), संवेदनशील क्षेत्रों का एक्सपोजर, आकस्मिक देयताएं और दावा न की गई जमाराशियाँ शामिल हैं। यह ग्रामीण सहकारी बैंकों का समेकित तुलन पत्र का राज्य-वार वितरण भी प्रस्तुत करता है।

इस प्रकाशन को भारतीय रिज़र्व बैंक की भारतीय अर्थव्यवस्था संबंधी डेटाबेस (डीबीआईई) (https://dbie.rbi.org.in) पोर्टल पर 'प्रकाशन' टैब के अंतर्गत देखा जा सकता है, जहां सभी चरों पर समय शृंखला को 2022-23 तक अद्यतन किया गया है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी : 2023-2024/1550